एक नजर में

कर्ज से परेशान कारोबारी ने लगाई फांसी

इंदौर . रेडीमेड कॉम्प्लेक्स में गारमेंट फैक्ट्री संचालक 65 वर्षीय कारोबारी फैक्ट्री में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली . वे रोज रात 10 बजे तक घर लौटते थे, लेकिन देर रात तक नहीं आने और फोन नहीं उठाने पर बेटे सागर और चाचा ने फैक्ट्री जाकर देखा, जहां वे फंदे से लटके मिले . हीरा नगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि मृतक राजू नानकानी के घर पहुंची पुलिस ने मौके से दो पेज का सुसाइड नोट जब्त किया है, जिसमें राजू ने कर्ज और कर्जदाताओं की लगातार धमकियों का जिक्र किया है . मूल रूप से विलफ्टन प्राइड, निपानिया निवासी राजू ने मंगलवार को अपने भाई को घर भेज दिया था, यह कहकर कि कुछ काम है और वे फैक्ट्री में ही रुकेंगे . देर रात जब वे नहीं लौटे, तो परिजन फैक्ट्री पहुंचे, जहां उन्हें फांसी पर लटका पाया गया . पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर जांच शुरू कर दी है . उनके बेटे ने पुलिस को बताया कि पिता कुछ समय से आर्थिक तनाव में थे, लेकिन उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि कर्ज कितना है और किनसे लिया है . फिलहाल पुलिस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, वहीं परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी .

विदा लेने के पहले लड्डू गोपाल घूमे मंदिरों और सराफा में

इंदौर . सिवनी मालवा के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल ने शहर के भक्तों से विदा लेने के पूर्व विभिन्न धर्मस्थलों पर पहुंचकर दर्शन भी किए और शहर भ्रमण कर सराफा चाट-चौपाटी के व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया . वे केशरबाग रोड स्थित देवी अहिल्या माता गोशाला भी गए और प्रतीकात्मक रूप से गोसेवा का अपना धर्म भी निभाया . कार्यक्रम संयोजक गोविंद सिंघल एवं संतोष गोयल ने बताया कि पिछले तीन दिनों से विक्रम टावर, सपना-संगीता के पीछे स्थित अग्रवाल नगर में सिंघल निवास पर भक्तों को दर्शन दे रहे लड्डू गोपाल बुधवार को सिवनी मालवा के लिए विदा हुए . सैकड़ों भक्तों ने उन्हें श्रद्धा-भाव के साथ विदा किया . इसके पूर्व वे नवलखा स्थित कांटाफोड़ शिव मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर के ट्रस्टी बी .के . गोयल, विकास अग्रवाल, रितेश मित्तल, पिंकी-रवि अग्रवाल आदि ने उनकी अगवानी कर उन्हें मंदिर स्थित सभी देवालयों के दर्शन कराए . हरि-हर मिलन का यह दृश्य काफी भावपूर्ण बना रहा . इसके पश्चात वे अहिल्यामाता गोशाला भी पहुंचे, जहां अंकित गोयल, प्रयोग गर्ग, सौरभ बालाजी एवं अग्रसेन यूथ क्लब के अन्य सदस्यों ने उन्हें गोशाला का भ्रमण कराया . लड्डू गोपाल मरीमाता स्थित प्राचीन हरदमलाला अतर मारुति मंदिर भी पहुंचे और उन्होंने वहां दर्शन के बाद भक्तों को अपनी सेवा का अवसर भी दिया . लड्डू गोपाल की सबसे दिलचस्प यात्रा सराफा चाट-चौपाटी की रही, जहां उन्होंने रबड़ी और मालपुए सहित इंदौर के विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया . इस दौरान गोविंद सिंघल, संतोष गोयल, रामदास सिंघल, राजेन्द्र सिंघल, हितेश गोयल भी उनके साथ रहे . सिवनी मालवा के लिए वे आशीष सिंघल एवं अंजलि सिंघल के साथ प्रस्थित हुए . संयोजक गोविंद सिंघल ने सभी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया .

लोगों को हड्डी की सेहत के प्रति करेंगे जागरूक

इंदौर . स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवनशैली आज हर व्यक्ति की ज़रूरत बन गई है . बदलती दिनचर्या, बढ़ती बीमारियों और सड़क दुर्घटनाओं के खतरे के बीच लोगों को अपनी सेहत और सुरक्षा के प्रति सजग बनाना समय की मांग है . इसी को ध्यान में रखकर इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन की पहल पर इस वर्ष 'नेशनल बोन एंड जॉइंट डे' 4 अगस्त को केवल एक दिन तक सीमित न रखते हुए 1 से 7 अगस्त तक नेशनल बोन एंड जॉइंट वीक के रूप में मनाया जाएगा . इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ . हेमंत मंडोवरा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा हमारा उद्देश्य केवल हड्डियों और जोड़ों की बीमारियों का इलाज करना ही नहीं है, बल्कि लोगों को कम उम्र से ही सजग बनाना है . शहर के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों में ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम चलाकर छात्रों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन पर मोबाइल न वापरने, और सुरक्षित ड्राइविंग जैसी ज़रूरी आदतें सिखाई जाएंगी . प्रमुख चौराहों पर जागरूकता कैंप लगाकर राहगीरों को सड़क सुरक्षा और हड्डियों की सेहत की जानकारी दी जाएगी . प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों को जोड़ों और हड्डियों की समस्याओं की पहचान और बचाव के उपाय समझाए जाएंगे . अंत में, एक 'व्हाइट पेपर' प्रशासन को सौंपा जाएगा, जिसमें बुजुर्गों की हड्डी संबंधी चुनौतियों और उनके समाधान के सुझाव होंगे, ताकि समाज में दीर्घकालिक सुधार किए जा सकें . इंदौर चैप्टर के सचिव डॉ . अर्जुन जैन ने कहा यह सप्ताह सिर्फ एक स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि एक सतत सामाजिक पहल है, जिसमें अलग-अलग गतिविधियों के जरिए हर वर्ग तक जागरूकता पहुंचाई जाएगी .

वीर गोगादेव की पवित्र छड़ी व निशान का पूजन 3 को

इंदौर . सबके राम लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी 3 अगस्त को साम 6 बजे जाहरवीर गोगादेव के पवित्र छड़ी निशान यात्रा एवं पूजन का दिव्य आयोजन रखा गया है . आयोजन समिति की ओर से महेन्द्र सिंह चौहान एवं प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि यह दिव्य यात्रा महूनाका स्थित महाराणा प्रताप चौराहा से आरंभ होकर रणजीत हनुमान मंदिर होते हुए फूटी कोठी स्थित दस्तूर गार्डन पहुंचेगी, जहां समाज के सभी वर्ग के लोग छड़ी निशान का पूजन कर समरसता भोज में भी शामिल होंगे . समिति ने सभी स्नेहीजनों से आग्रह किया है कि समय के पूर्व पहुंचकर आयोजन को सार्थक बनाएं .

झूठी पहचान बताकर दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

सोशल पार्टी में हुई थी पहचान, धमकाकर बनाए संबंध, हिंदूवादी नेता की मौजूदगी में दर्ज हुआ प्रकरण दर्ज

नव भारत न्यूज

इंदौर. सोशल पार्टी में हुई एक सामान्य मुलाकात एक युवती के लिए जिंदगी का दर्दनाक अध्याय बन गई. झूठी पहचान बताकर युवक ने उसके साथ नजदीकियां बढ़ाईं, विश्वास जमाया और फिर उसी भरोसे को तोड़ते हुए नशे और धमकी के बल पर दुष्कर्म किया. मामला तब सामने आया जब युवती ने हिम्मत दिखाकर थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया और पूरा घटनाक्रम उजागर किया. युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मामले में हिंदूवादी संगठनों ने भी सक्रियता दिखाई है.पीड़िता ने आजाद नगर थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि नवंबर 2024 में एक दोस्त की पार्टी में एक युवक से पहचान हुई, जिसने अपना नाम अभिषेक ठाकुर बताया. इसके बाद लगातार संपर्क बना रहा और वह भोला राम उस्ताद मार्ग स्थित उसके फ्लैट पर मिलने आता रहा. कुछ माह तक वह सतना स्थित अपने घर रही. 28 जुलाई को आरोपी ने फोन कर उसे मूसाखेड़ी स्थित एक रूम पर मिलने बुलाया और न आने पर आत्महत्या की धमकी दी. युवती जब वहां पहुंची, तो आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए. इसी दौरान जब युवक के एक दोस्त का फोन आया और युवती ने वह कॉल रिसीव की, तो उसके सामने सच्चाई उजागर हो गई. कॉल करने वाले युवक ने उसे बताया कि उसका नाम 'अभिषेक' नहीं, बल्कि जीशान खान पिता साजिद पठान निवासी गली नं. 3, जूना रिसाला है. जब युवती ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और उस पर धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाया. घटना के बाद वह किसी तरह वहां से निकली और अपनी मौसी के घर पहुंची, वहां से परिजनों को जानकारी दी गई और अगले दिन थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई.

मानसिंह राजावत की मौजूदगी में दर्ज हुआ मामला

हिंदूवादी नेता मानसिंह राजावत थाने पहुंचे और पीड़िता के साथ पूरी घटना की जानकारी अधिकारियों को दी . उनका कहना है कि यह केवल व्यक्तिगत शोषण नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से युवतियों को नशे और धर्म परिवर्तन में धकेलने का प्रयास है . ऐसे मामलों में कई बार नाम बदलकर युवतियों को निशाना बनाया जाता है व समाज को कमजोर करने की साजिशें रची जाती हैं . राजावत ने पुलिस से मांग की है कि आरोपी के मोबाइल की गहन जांच की जाए, उससे अन्य हिंदू लड़कियों के फोटो और नंबर मिले हैं . पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जाए . उन्होंने प्रशासन को चेताया कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा .आजाद नगर पुलिस ने आरोपी जीशान उर्फ अभिषेक ठाकुर के खिलाफ बीएनएस और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की . थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है, सभी इलेक्ट्रॉनिक व अन्य साक्ष्यों को जांच में लिया गया है .

नाम छुपाकर हिंदू युवक से शादी, फिर फरार

श्रीपरशुराम सेना का पुलिस जनसुनवाई में खुलासा, एसआईटी जांच की मांग

नव भारत न्यूज

इंदौर. हिंगोनिया खुर्द क्षेत्र में हिंदू युवक से फर्जी पहचान के आधार पर शादी करने और बाद में फरार हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. पुलिस जनसुनवाई में श्रीपरशुराम सेना विधि प्रकोष्ठ ने पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की.

एक मुस्लिम महिला ने खुद को ब्राह्मण युवती 'निकिता' बताकर फरवरी 2024 में युवक से शादी की थी. बाद में पता चला कि उसका असली नाम नाजिया है, विवाहित है और उसका एक छह वर्षीय पुत्र भी है. युवक से करीब तीन लाख भी लिए गए थे, शादी बिजासन मंदिर में करवाई गई थी और कोर्ट मैरिज के लिए आवेदन भी दिया था. उसकी मां जेबा, नायता मुंडला क्षेत्र में किराए से रहती है. शादी का रिश्ता कराने वाली युवती 'कोमल' सोशल मीडिया पर 'कोमल पठान' के नाम से सक्रिय है और परिवार को डराने-धमकाने लगी थी. नाजिया सामान लेकर घर से गायब हो गई. गांधी नगर थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई. युवक को उसकी सोशल मीडिया प्रोफाइल 'नाजिया जान' के नाम से मिली, जिससे पहचान स्पष्ट हुई. श्रीपरशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला, नगर अध्यक्ष प्रकाश शर्मा और विधि प्रकोष्ठ संयोजक नमन दुबे ने कहा कि यह एक संगठित गिरोह की करतूत हो सकती है, जो फर्जी नामों के जरिए हिंदू युवकों को फंसाकर ठगी व ब्लैकमेलिंग करता है. उन्होंने मामले की एसआईटी या उच्चस्तरीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की है.

पालदा में फिर पलटी स्कूली बच्चों से भरी ई-रिक्शा

इंदौर. शहर में बेतरतीब ई-रिक्शा संचालन और सड़क पर गड्ढों की दोहरी मार मासूमों की जान पर भारी पड़ रही है.

पालदा क्षेत्र में मल्हार स्कूल के सामने स्कूली बच्चों से भरी एक ई-रिक्शा अचानक असंतुलित होकर पलट गई. रिक्शा में करीब 10 बच्चे सवार थे. हादसे के समय स्कूल की छुट्टी हो चुकी थी और सभी छात्र घर लौट रहे थे.

रिक्शा पलटते ही वहां मौजूद राहगीरों और अन्य चालकों ने तुरंत बच्चों को बाहर निकाला. बारिश के कारण गड्ढों में पानी भरा हुआ था, जिससे बच्चों को बाहर निकालने में परेशानी भी हुई. हालांकि, किसी को गंभीर चोट नहीं आई, सभी बाल-बाल बच गए. इस हादसे के तुरंत बाद अन्य ई-रिक्शा चालकों ने रिक्शा को सीधा करने की ऐसी जल्दबाजी दिखाई कि कोई वीडियो न बना ले और कार्रवाई से बचा जा सके.

रेलवे प्लेटफॉर्म पर हथियारों की खेप के साथ दो गिरफ्तार

- **रतलाम स्टेशन की पार्किंग में पकड़ाया युवक**
- **तलाशी में चाकू तलवार और गुप्ती बरामद**

इंदौर. रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत जीआरपी रतलाम ने रेलवे प्लेटफॉर्म से अवैध हथियारों की बड़ी खेप पकड़ी है. मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके कब्जे से धारदार चाकू, तलवार, गुप्ती और पंच सहित 25 हजार से अधिक कीमत के हथियार जब्त किए हैं.

पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर संतोष कोरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी व उप पुलिस अधीक्षक ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई. रेलवे स्टेशन परिसर में गश्त के दौरान एएसआई नौशाद खान को सूचना मिली थी कि प्लेटफॉर्म नंबर 4 की प्रीमियम पार्किंग में एक संदिग्ध युवक हथियारों से भरा झोला लिए खड़ा है. सूचना की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक मोतीराम चौधरी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के युवक को हिरासत में लिया. पूछताछ में उसकी पहचान जसप्रीत सिंह पिता स्व. अंग्रेज सिंह 20 वर्ष, निवासी माड़ी कम्बोक, जिला तरनतारन पंजाब के रूप में हुई. जब उसके झोले की तलाशी ली गई, तो पुलिस टीम भी चौंक गई. आरोपियों के कब्जे से 25 नग खटकेदार चाकू, 7 धारदार तलवार म्यान सहित, 5 गुप्ती काले कवर में पैक और 6 नग लोहे व बीड़ के पंच जब्त की जिनकी कीमत 25,300 आंकी गई है. जीआरपी रतलाम ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. जसप्रीत सिंह ने पूछताछ में खुलासा किया कि ये सभी हथियार वह अमृतसर से खरीदकर बलदेव सिंह नामक व्यक्ति को देने आया था, जो रतलाम में जूते-चप्पल की दुकान चलाता है. आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने बलदेव सिंह पिता गुरुवचन सिंह 38 वर्ष, निवासी माड़ी कम्बोक, जिला तरनतारन पंजाब को भी गिरफ्तार कर लिया.

पंजाब से मंगवा कर बेचता था

बलदेव सिंह ने स्वीकार किया कि वह ये अवैध हथियार पंजाब से सस्ते दामों में मंगवाकर रतलाम व आसपास ऊंचे दामों में बेचता था . पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है .

आयशर ने मारी कावड़ियों को टक्कर, एक की मौत

तहसील महू के चोरल गांव के घाटी के पास हुआ हादसा एंबुलेंस के जरिए गंभीर घायलों को पहुंचाया अस्पताल!

महू. सावन माह के पवित्र माह में कावड़ यात्रियों को लेकर प्रशासन की पाबंदी के बाद भी भारी वाहनों का प्रवेश जारी है. जिसको लेकर बुधवार को एक हादसा हो गया. इसमे तहसील महू के सिमरोल थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार देर रात एक आयशर वाहन ने 7 कावड़ियों को टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौत हो गई वहीं 6 घायल हो गए। इसी दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों व मृतक को एम्बुलेंस क्र माध्यम से एमवायएच अस्पताल भिजवाया गया.

मिली जानकारी के मुताबिक, घटना ग्राम चोरल के पास कटी घाटी पर हुई. सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि खरगोन की ओर से इंदौर की ओर जा रहे आयशर वाहन क्रमांक एमपी 12 एच 0472 ने 6 कावड़ियों को पीछे से टक्कर मार दी. कावड़िये ओम्कारेश्वर से जल भरकर इंदौर की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से वाहन ने टक्कर मार और मौके पर अफरा तफरी मच गई.

घटना में कावड़िये आदर्श (25) निवासी राज नगर की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं जितेन्द्र पुत्र प्रेम नारायण (18) निवासी विजय नगर, यश पुत्र संदीप (25) निवासी लालबाग इंदौर, विकास पुत्र बाबूलाल (27) निवासी नंदन नगर, शुभम पुत्र सुरेश (26) निवासी नंदन नगर, दुर्गेश पुत्र विजय (32) निवासी जय भवानी नगर और ध्रुव पुत्र सत्यनारायण (22) निवासी नंदन नगर घायल हो गए. ध्रुव कि स्थिति गंभीर बताई जा रही है. सभी घायलों को इंदौर एम वाय अस्पताल ले जाया गया. घटना के बाद आयशर वाहन चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस द्वारा वाहन को सिमरोल थाने ले जाया गया। प्राथमिक रूप से कावड़ यात्रा राजमोहल्ला इंदौर कि बताई जा रही है.

केंद्रीय जेल में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग की स्थापना

बंदियों ने किया भक्ति भाव से शिव पूजन, पौधारोपण से दिया हरियाली का संदेश

नव भारत न्यूज

इंदौर. श्रावण मास के पावन अवसर पर केंद्रीय जेल इंदौर में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, स्थापना और पूजन का भव्य आयोजन किया. जेल अधीक्षक के मार्गदर्शन में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में जेल के सभी बंदियों ने सहभागिता कर शिवभक्ति के रंग में रंगे भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किए.

जेल अधीक्षक श्रीमती अलका सोनकर ने बताया कि पूजन कार्यक्रम के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए शंकर लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से जेल परिसर में पौधारोपण भी किया.

संस्था के प्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए. इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक संतोष लाडिया, इंदर सिंह नागर, वरिष्ठ परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी अभिषेक दांगी सहित केंद्रीय जेल के अधिकारी-कर्मचारी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा.

सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई. धार्मिक और पर्यावरणीय समरसता से भरे इस आयोजन को सभी ने सराहा और इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया.

धर्म | **चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में जैनाचार्य के प्रेरक आशीर्वचन**

हमेशा सकारात्मक चिंतन और दृष्टि रखें : विश्वरत्न सागर

इंदौर. जीवन में कभी भी हार नहीं मानना चाहिए. हम सबके जीवन में कभी न कभी एक वक्त ऐसा आता है, जब हमें लगता है कि हम टूट रहे हैं, बिखर रहे हैं, दरक रहे हैं या पिछड़ रहे हैं. आज दुनिया में सबसे ज्यादा लोग अवसाद अर्थात डिप्रेशन के मरीज पाए जाते हैं.

यह ऐसा रोग है, जिसे हम स्वयं पीले चांवल देते हैं. हताशा, जिद और क्रोध जैसे अनेक लक्षण हमारे जीवन में आते-जाते रहते हैं. हमेशा सकारात्मक चिंतन और दृष्टि रखें, जीवन को एक मौका अवश्य दें तो किसी भी क्षेत्र में आपकी पराजय नहीं हो सकती. याद रखें कि जो मौका दे उसे धोखा मत देना और जो धोखा दे, उसे फिर मौका मत देना.

युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य विश्वरत्नसागर ने अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए 'जिंदगी को एक मौका और दें' विषय पर अपने प्रेरक विचार व्यक्त करते हुए उक्त बातें कहीं. प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से चातुर्मास संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, दिलीप मंडोवरा एवं दीपक सुराना ने सभी समाजबंधुओं की अगवानी की. धर्मसभा में पालीताणा स्थित नवरत्न धर्मशाला के लाभार्थी जवाहर भाई एवं फलौदी (राज.) से आए 91 वर्षीय समाजसेवी भागचंद कोचर तथा लाभार्थी परिवार का बहुमान शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, मोनिश खूबाजी, ऋषभ कोचर द्वारा किया गया. नरसिंह वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में 30 जुलाई को सुबह 9 बजे से धर्मसभा में जैनाचार्य विश्वरत्नसागर की निश्रा में उत्तराध्ययन सूत्र पर नियमित प्रवचन होंगे.

दृष्टिहीन बच्चों के शिविर को गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से नवाजा

महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन को सेवा के क्षेत्र मिला अवॉर्ड

इंदौर. महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन,(मीसो) नईदिल्ली,रायपुर के तत्वावधान में इंदौर चैप्टर द्वारा आयोजित दृष्टिबाधित दिव्यांगों का पांच दिवसीय स्किल डेवलेपमेंट प्रशिक्षण शिविर 25 से 29 जुलाई के दौरान दृष्टी बाधित दिव्यांग 600 बच्चों, 150 शिक्षक, 50 प्रशिक्षक गण और 150 अन्य कार्यकर्ताओं और शिविर अवलोकन के लिए प्रतिदिन आए करीबन 400 व्यक्तियों के साथ साथ स्किल डेवलेपमेंट कार्यक्रम को सफलता के साथ पूरे टीम वर्क के साथ पूरा किया.

संस्था को उक्त कार्य के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से एक साथ सबसे ज्यादा 60 क्षेत्रों में विभिन्न दिव्यागंजन, मूक बधिर,मानसिक, विकलांग और दृष्टिबाधित दिव्यांगजन का स्किल डेवलपमेंट हेतु इतना वृहद स्तर पर कार्यक्रम चलाने के लिए और उन्हें स्वावलंबी बनाकर अपने पैरों पर खड़े होकर समाज में स्थापित करने अब तक 15000 से ज्यादा दिव्यागंजन और करीब 27000 से ज्यादा अशक्त महिलाओं कुल 42,000 से ज्यादा व्यक्तियों को स्वावलंबी बनाने एवं इंदौर में 24 वां शिविर आयोजित करने के लिए रिकॉर्ड पर लिया गया है. 37 वस्तुओं को दिव्यांगजन द्वारा अभी इस शिविर में बनाया जा रहा है. संस्था के संरक्षक, अन्य पदाधिकारियों, और सदस्यों को बधाई देते हुए डॉक्टर मनीष विश्नोई ,एशिया हेड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अमेरिका की ओर से इंदौर इकाई और महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दिए जाने की घोषणा की गई और इस रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया.

ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (अनुच्छेद -IV A) (नियम 8 (6)

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (IIFL-HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय- मकान नं. 176, स्कीम नं. 97, स्लाइस-4 नर्मदा स्क्वायर के पास, गोपुर स्क्वायर के बाद इन्दौर-452001 में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री . जबकि IIFL-HFL के प्राधिकृत अधिकारी ('AO') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावना संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था . आईआईएफएल-एचएफएल के बकाये की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है, जो है जैसा है तथा बिना किसी सहारे के आधार पर' इसे बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी .

देनदार/सहदेनदार/गारंटर/ कानूनी उत्तराधिकारी का नाम	डिमांड नोटिस की तिथि व राशि	अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण	सांकेतिक कब्जा तिथि	रिजर्व मूल्य
1. श्री सुशील कुमार 2. श्रीअरविन्द कुमार कुशवाह 3. श्री शिवबहोर कुशवाह	14 फरवरी, 2025 और रु . 2204293/- (रु . बाइस लाख चार हजार दो सौ तिरानवे मात्र)	प्लॉट संख्या M-39, सुपर सिटी कॉलोनी, ग्राम महूगांव, तहसील महू, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, 453331 वाली संपत्ति का वह समस्त भाग . क्षेत्रफल (वर्गफुट में):	7 मई, 2025 कुल बकाया राशि 6 जुलाई 2025	रु . 20,25,000/- (रु . बीस लाख पच्चीस हजार मात्र)
4. श्रीमती बेला देवी (प्रॉस्पेक्ट नं . आईएल 10237531)	बिड वृद्धि राशि रु . 25,000/- (रु . पच्चीस हजार मात्र)	संपत्ति का प्रकार : भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 900.00	को रु . 23,22,477/- (रु . तेईस लाख बाइस हजार चार सौ सतहत्तर मात्र)	बयाना जमा राशि (ईएमडी) रु . 2,02,500/- (रु . दो लाख दो हजार पांच सौ मात्र)
प्रॉपर्टी निरीक्षण दिनांक 18 अगस्त 2025 11.00-14.00 बजे		ईएमडी की अंतिम दिनांक 20 अगस्त 2025 के 5.00 बजे तक		ई-नीलामी दिनांक/समय 22 अगस्त 2025 11.00 से 13.00 बजे

भुगतान का तरीका :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है . भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा . **नोट :-** प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है . सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं, जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं . **शेष भुगतान के लिए :-** login https://www.iiflonehome.com >My bid>Pay Balance Amount

महत्वपूर्ण जानकारी- यह नीलामी SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत कब्जे के आधार पर प्रकाशित की गई है . भौतिक कब्जा SARFAESI अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धारा -14 आदेश प्राप्त होने के बाद और जब भी भौतिक की पेशकश की जाएगी, कब्जा ले लिया जाएगा . बोली लगाने वाले को भाग लेने से पहले दस्तावेजों और वैधता के संबंध में आवश्यक परिश्रम करना होगा .

नियम एवं शर्तें :-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा तथा लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा . इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति तथा पैन कार्ड के साथ अपना 'निविदा प्रपत्र' जमा/भेजना होगा .
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के अंतर्गत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा . यदि बोली नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत : ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा .
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा . सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से किए जाएंगे .
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित प्रभारों का भुगतान करना होगा .
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के साथ टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा .
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें .
7. ई-नीलामी पर विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर : @1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं .
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच 09:30 बजे से 18:00 बजे तक IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल करें : care@iiflonehome.com
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जे में लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को इकट्ठा करें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा .
10. इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त सामान इकट्ठा करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा .
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर निर्धारित समय के भ